# कृषि विश्वविद्यालय, कोटा

## प्रबन्ध मण्डल की नवदश बैठक का कार्यवाही विवरण

कृषि विश्वविद्यालय, कोटा के प्रबन्ध मण्डल की नवदश बैठक दिनांक 24 मई, 2022 (मंगलवार) को प्रातः 11:15 बजे प्रो॰ डी॰सी॰ जोशी, माननीय कुलपति की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में निम्न सदस्यों द्वारा भाग लिया गया।

1. श्रीयुत रामनारायण मीणा, माननीय विधायक, पीपल्दा विधान सभा क्षेत्र, राजस्थान विधानसभा, जयपुर।
2. श्री लोकेन्द्र सिंह, ट्रेजरी आफिसर, कोटा।
   (प्रतिनिधि – वित्त विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर)
3. डॉ॰ (प्रो.) अयूब खान, प्रख्यात शिक्षाविद, जोधपुर।
4. श्री बंजरग कुमार साबू, प्रख्यात कृषि उद्योगपति, कोटा।
5. श्री चौथमल नागर, प्रगतिशील किसान, कोटा।
6. श्रीमती रुकमणी मीणा, महिला सामाजिक कार्यकर्ता, कोटा।
7. डॉ॰ आई. बी. मौर्य, अधिष्ठाता, उद्यानिकी एवं वानिकी महाविद्यालय, झालावाड
8. डॉ॰ ममता तिवारी, निदेशक मानव संसाधन विकास, कृषि विश्वविद्यालय, कोटा।
9. डॉ॰ विरेन्द्र सिंह, प्रोफेसर, कृषि विश्वविद्यालय, कोटा।
10. श्री रामधन रैगर, वित्त नियंत्रक, कृषि विश्वविद्यालय, कोटा।
11. श्री एन. के. जैन, कुलसचिव एवं सदस्य सचिव, कृषि विश्वविद्यालय, कोटा।

उक्त बैठक में प्रमुख शासन सचिव (कृषि), सचिव (उच्च एवं तकनीकी शिक्षा) एवं सचिव (पशुपालन), राजस्थान सरकार, जयपुर, डॉ॰ ओ॰ पी॰ यादव, निदेशक, आई॰ सी॰ ए॰ आर॰–केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर, एवं प्रो॰ डी॰पी॰जारोली, शिक्षाविद् उपस्थित नहीं हो सके।

बैठक में उपस्थित समस्त माननीय सदस्यों का कुलसचिव द्वारा स्वागत किया गया तथा बैठक के प्रस्तावों पर चर्चा उपरान्त निम्न निर्णय लिये गये :

| | |
|---|---|
| **बोम–19 / 2022 / 01:** | **अष्टदश प्रबंध मंडल की दिनांक 25.10.2021 की बैठक के कार्यवाही विवरण की पुष्टि करने बाबत।** |
| | प्रबन्ध मण्डल की अष्टदश बैठक दिनांक 25.10.2021 को आयोजित की गई थी। बैठक का कार्यवाही विवरण अनुमोदनार्थ प्रस्तुत किया गया जिसे विस्तृत विचार विमर्श उपरान्त सर्वसम्मति से स्वीकार किया गया। |
| **बोम–19 / 2022 / 02:** | **अष्टदश प्रबंध मंडल की दिनांक 25.10.2021 की बैठक के कार्यवाही विवरण पर की गई कार्यवाही रिपोर्ट।** |
| | प्रबन्ध मण्डल की दिनांक 25.10.2021 को आयोजित अष्टदश बैठक में लिये गये निर्णयों पर पालना रिपोर्ट प्रस्तुत की गई तथा विस्तृत चर्चा उपरान्त सर्वसम्मति से पुष्टि की गई। |
| **बोम–19 / 2022 / 03:** | **नवदश विद्या परिषद की दिनांक 08.04.2022 की बैठक के कार्यवाही विवरण के अनुमोदन बाबत।** |
| | विद्या परिषद की दिनांक 08.04.2022 को आयोजित नवदश बैठक का कार्यवाही विवरण प्रस्तुत किया गया जिसके निम्न मुख्य निर्णयों का माननीय सदस्यों द्वारा यथावत अनुमोदन किया गया।<br>• Degree nomenclature, Common academic regulations and Syllabus as per ICAR-BSMA for Masters and Ph.D. programmes.<br>• Guideline for appointment of external practical examiner for UG programme.<br>**कार्यवाही : निदेशक शिक्षा**<br>• Qualification / eligibility criteria and score card for direct recruitment on teaching posts (Annexure – I & II) (Page No. 5 to 23)<br>• Number of candidates to be called for interview and application fee for direct recruitment on teaching cadre posts.<br>• Reservation roster for director recruitment on various teaching and non-teaching cadre post.<br>• Affiliation of faculty of agriculture at Govt. College Sapotra (Karauli).<br>**कार्यवाही : कुलसचिव** |

| | |
|---|---|
| | तथा निम्न निर्णयों का आंशिक संशोधन उपरान्त सर्वसम्मति से स्वीकार कर अनुमोदन उपरान्त लागू करने का निर्णय किया गया।<br>• External practical examiner को दिये जाने वाले प्रस्तावित मानदेय को वित्त समिति द्वारा अनुमोदन उपरान्त लागू करने का निर्णय लिया गया।<br>• श्री अरविन्द नागर एवं श्री निर्मल कुमार मीणा की Ph.D. पाठ्यक्रम पूर्ण करने हेतु राज्य सरकार की अधिसूचना F1 (3)FD/Rules/2022 दिनांक 19.01.2022 के अनुसरण में 18 माह का असाधारण अवकाश स्वीकृत करने का निर्णय लिया गया।<br>• CAS के अर्न्तगत एक स्टेज से अगली स्टेज पर पदोन्नति हेतु योग्यता एवं Score Card का Annexure – 3 (Page No. 24 to 39) के अनुसार अनुमोदन किया गया।<br>• अशैक्षणिक कर्मचारियों की सीधी भर्ती हेतु अनिवार्य योग्यता, चयन प्रक्रिया / परीक्षा की रीति आदि का Annexure – 4 (Page No. 40 to 78) के अनुसार अनुमोदन किया गया।<br>कार्यवाहीः कुलसचिव/निदेशक शिक्षा |
| **बोम–19/ 2022/04:** | **बारां–बोरखेड़ा एलिवेटेड रोड़ निर्माण हेतु सड़क के सहारे की विश्वविद्यालय की भूमि नगर विकास न्यास, कोटा को उपलब्ध करवाने बाबत।** |
| | नगर विकास न्यास, कोटा द्वारा जनहितार्थ निर्माणाधीन एलिवेटेड रोड के लिए विश्वविद्यालय की सड़क के सहारे की जमीन की आवश्यकता के मध्येनजर नियमानुसार मुआवजा / क्षतिपूर्ति एवं बाउन्ड्रीवाल को तोड़ने की स्थिति में दुबारा निर्माण करवाये जाने की नगर विकास न्यास, कोटा द्वारा लिखित सहमति उपरान्त विश्वविद्यालय की सड़क के सहारे की जमीन उपलब्ध करवाया जाने का अनुमोदन किया गया।<br>साथ ही नगर विकास न्यास, कोटा द्वारा क्षेत्र की जलापूर्ति हेतु उच्च जलाशय बनाने के लिए 30 मी. x 30 मी. की भूमि उपलब्ध करवाने के आग्रह को स्वीकृत करते हुए जनहितार्थ कार्य के लिए नियमानुसार नगर विकास न्यास, कोटा को भूमि उपलब्ध करवाने का भी अनुमोदन किया गया।<br>कार्यवाहीः कुलसचिव/भू–सम्पदा अधिकारी |
| **बोम–19/ 2022/05:** | **अष्टम वित्त समिति की दिनांक 04.05.2022 की बैठक के कार्यवाही विवरण के अनुमोदन बाबत।** |

| | |
|---|---|
| | वित्त समिति की दिनांक 04.05.2022 को आयोजित अष्टम बैठक का कार्यवाही विवरण अवलोकनार्थ एवं अनुमोदनार्थ प्रस्तुत किया गया जिसे माननीय सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से स्वीकार किया गया।<br>कार्यवाहीः वित्त नियंत्रक |
| बोम–19 / 2022 / 06: | **वित्तीय वर्ष 2021–22 का वास्तविक एवं वर्ष 2022–23 का प्रस्तावित बजट का अनुमोदन बाबत।** |
| | वर्ष 2021–22 का वास्तविक बजट राशि रूपये 5818 लाख तथा वर्ष 2022–23 का प्रस्तावित बजट राशि रूपये 7560 लाख सहित का अनुमोदन किया गया।<br>कार्यवाहीः वित्त नियंत्रक |
| बोम–19 / 2022 / 07 | **नियमित कुलपति की चयन समिति के गठन हेतु प्रबंध मंडल द्वारा सदस्य का मनोनयन** |
| | कुलपति की चयन समिति में प्रबन्ध मंडल द्वारा एक सदस्य को नामित करने हेतु विस्तृत चर्चा उपरान्त लिये गये निर्णय को पृथक पत्रक में अकिंत कर सील बन्द लिफाफे में राजभवन भेजने का निर्णय लिया गया। |

बैठक के समापन से पूर्व माननीय सदस्या रूकमणी मीणा एवं श्री चौथमल नागर ने सुझाव दिया कि विश्वविद्यालयों द्वारा आयोजित किसान मेला एवं किसानों से संम्बन्धित किये जाने वाले कार्यक्रमों की जानकारी प्रबन्ध मण्डल के सदस्यो को दी जानी चाहिये।

सदस्य सचिव एवं कुलसचिव श्री एन.के. जैन द्वारा सभी सदस्यों का आभार प्रकट करते हुए आसन के प्रति धन्यवाद के साथ बैठक समाप्त की गई।

प्रो. डी.सी. जोशी
कुलपति एवं अध्यक्ष,
प्रबन्ध मण्डल, कृषि विश्वविद्यालय, कोटा

श्री एन. के. जैन,
कुलसचिव एवं सदस्य सचिव,
प्रबन्ध मण्डल, कृषि विश्वविद्यालय, कोटा